# डबल इंजन सरकार ने लोकल से ग्लोबल का ब्लू प्रिंट अपनाया : नंदी

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के तीसरे दिन हुआ ई-कॉमर्स पर गोष्ठी का आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने वोकल फॉर लोकल और लोकल से ग्लोबल की ओर बढ़ने का ब्लू प्रिंट अपनाया है। ट्रेड शो के तीसरे दिन ई कॉमर्स-द फ्रंटीयर ऑफ इंडियास एक्सपोर्ट विषय पर हुई गोष्ठी में प्रदेश के औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने यह बात कहीं। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) की तरफ से आयोजित सत्र में उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने में मौलिक उद्योगों और उत्पादों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

औद्योगिक मंत्री नंदी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा इसी रोडमैप पर आधारित है। प्रदेश सरकार ने वोकल फॉर लोकल और लोकल से ग्लोबल का ब्लू प्रिंट अपनाया है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों को उनके उत्पादों की पहुंच ग्लोबल मार्केट तक पहुंचाने में ई कॉमर्स प्लेट फार्म की काफी महत्वपूर्ण है। पिछले आठ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के निर्यात में दोगुनी वृद्धि हुई है। ट्रेड शो में इस बार 10 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है।




ई-कॉमर्स गोष्ठी को संबोधित करते औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी। अमर उजाला

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। ऐसा है तो व्यापार आगे बढ़ता रहता है। युवा इसी दिशा में काम कर रहे हैं। वहीं प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि टैरिफ की मार से उद्यमी चिंतित है। मुख्यमंत्री ने इस पर संज्ञान लिया है और प्रदेश के उद्यमियों से बात की है। जल्द ही निर्यात करने वाले उद्यमियों को राहत दी जाएगी।